
# योगदा सत्संग शाखा आश्रम, नोएडा

परमहंस योगानन्द मार्ग, बी-4, सैक्टर-62,
नोएडा—201307, उत्तर प्रदेश
फ़ोन : (0120) 2400670, 2401669-76 (8 लाइन)
ईमेल : noidaashram@yssi.org • वेबसाइट : www.yssofindia.org

# समारोहों एवं विशेष उत्सवों की सारणी

## (दिल्ली एवं गुड़गाँव की सारणी भी सम्मिलित)

**जनवरी—जून, 2018**



प्रिय आत्मन्

योगदा सत्संग शाखा आश्रम, नोएडा, जिसका शुभारम्भ 3 जनवरी, 2010 को हुआ था, आज एक सुस्थापित शान्तिपूर्ण स्थान तथा हमारे प्रिय गुरुदेव, श्री श्री परमहंस योगानन्दजी, के भक्तों एवं शिष्यों के लिये एक स्वर्ग बन गया है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में स्थित शान्ति एवं आनन्द के इस सुखद स्थान में, अब न केवल भारत अपितु सम्पूर्ण विश्व से गुरुजी के भक्तों का आगमन होता है। जैसा की आप जानते हैं, इसके शिलान्यास से पहले ही स्वामी विश्वानन्द ने अपने एक भारत भ्रमण के दौरान भारत एवं विदेश में स्थित गुरुदेव के आश्रमों की पावन रज को इसकी भूमि पर बिखेरा था। यह आश्रम दिल्ली-उत्तर प्रदेश की सीमा से लगभग 4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्रके सभी भागों से सुगमतापूर्वक जुड़ा है। देश-विदेश के सभी वाइ. एस.एस./एस.आर.एफ़ भक्त यहाँ आसानी से पहुँच सकते हैं। इस आश्रम का निर्माण मुख्यरूप से वर्ष भर रिट्रीट कार्यक्रमों (Retreat, एकान्तवास) के आयोजन हेतु किया गया है। प्रत्येक वर्ष देश-विदेश के लगभग 3,500 भक्त व्यक्तिगत या संचालित रिट्रीटों में तथा यहाँ वर्ष में एक या दो बार आयोजित होने वाले पाँच-दिवसीय साधना-संगम में भाग लेकर इस सुविधा का लाभ लेते हैं। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से होकर गुज़रने वाले भक्त भी अपनी यात्रा में अल्प विराम देकर कुछ दिनों के लिये यहाँ रुकते हैं।

आश्रम प्रांगण में एक प्रशासनिक भवन, महिला एवं पुरुष भक्तों के लिये दो अलग-अलग रिट्रीट भवन, तथा विभिन्न आध्यात्मिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु एक विशाल ऑडिटोरियम हैं। हरे-भरे वृक्ष, घास के मैदान, एवं मौसमी तथा सदाबहार पुष्पों से युक्त उद्यान किसी भी और सभी भक्तों एवं आगंतुकों का मन मोहने के लिये पर्याप्त हैं। इस मनोरम परिदृश्य में एकान्त ध्यान तथा ईश-चिन्तन हेतु उपयुक्त स्थल बनाये गये हैं। प्रशासनिक भवन में एक स्वागत कक्ष, *योगदा* साहित्य विक्रय कक्ष, पुस्तकालय, कार्यालय-क्षेत्र, व्यक्तिगत परामर्श के कक्ष, भोजनालय, एवं भक्तों द्वारा यहाँ नियमित रूप से किये जाने वाले गहन और लम्बे सामूहिक तथा व्यक्तिगत ध्यान से उत्पन्न दिव्य स्पंदनों से पूर्ण एक ध्यान मन्दिर है।

योगदा संन्यासियों द्वारा संचालित सामूहिक रिट्रीट कार्यक्रमों का आयोजन वर्ष भर नियमित रूप से सप्ताहान्तों पर किया जाता है। सांसारिक वातावरण से मुक्ति का आनन्द लेने के साथ ही भक्तों को मौन में व्यतीत किये जाने वाले 2-3 दिनों के इन रिट्रीट कार्यक्रमों में प्रातः एवं सायंकालीन सामूहिक शक्ति-संचार व्यायाम एवं ध्यान, एकाग्रता एवं ध्यान-प्रविधियों की पुनरवलोकन कक्षाओं, तथा गुरुदेव द्वारा बताये गये आदर्श-जीवन सिद्धांतों पर संन्यासियों के व्याख्यानों से लाभान्वित होने का अवसर भी प्राप्त होता है। इन रिट्रीटों में भाग लेने वाले भक्तों को संन्यासियों से मिलने एवं उनका परामर्श प्राप्त करने के भी पर्याप्त अवसर प्राप्त होते हैं।

भक्तों को व्यक्तिगत रिट्रीट लेने के लिये प्रोत्साहित किया जाता है। भक्तजन 3 से 7 दिनों के लिये यहाँ ठहर सकते हैं तथा गहन एवं लम्बे ध्यान, मौन, एकान्त, अंतर्निरीक्षण, गुरुजी की शिक्षाओं का अध्ययन, तथा ईश्वर की उपस्थिति का अभ्यास करते हुए अपने आध्यात्मिक उत्थान

के लिये इस समय का उपयोग कर सकते हैं। इस दौरान वे संन्यासियों से व्यक्तिगत परामर्श भी ले सकते हैं। जो भक्तजन व्यक्तिगत अथवा सामूहिक रिट्रीट में भाग लेते हैं उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे आश्रम के सामूहिक ध्यान में भाग लें।

नोएडा आश्रम आगन्तुकों के लिये दिन भर खुला रहता है, तथा यहाँ आयोजित रविवारीय सत्संगों में सभी का स्वागत है। इन सत्संगो में एक लघु सामूहिक ध्यान सत्र के पश्चात् किसी योगदा संन्यासी द्वारा प्रवचन सम्मिलित रहता है। रविवारीय सत्संग के समय पर ही भक्तजनों के 5 से 12 वर्ष की आयु के बच्चों के लिये बाल-कुटीर में अलग से एक बाल-सत्संग भी आयोजित किया जाता है।

तीर्थ यात्रा इत्यादि के उद्देश्य से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की यात्रा करने वाले अथवा यहाँ से होकर गुज़रने वाले भक्तों के लिये नोएडा आश्रम के आध्यात्मिक परिवेश में आवास सुविधा (अटैच्ड बाथरूम वाले डबल बेडरूम) उपलब्ध है। यात्री भक्तजन 3 दिन तक यहाँ ठहर सकते हैं।

जो भक्त संचालित सामूहिक रिट्रीट में भाग लेना चाहते हों उनसे अनुरोध है कि वे कार्यक्रम से कम-से-कम 15 दिन पहले बुकिंग करायें (पृष्ठ 5 पर रिट्रीट कार्यक्रमों की सारणी देखें)। जो भक्तजन यात्रा के उद्देश्य से नोएडा आश्रम में आवास चाहते हों, अथवा यहाँ व्यक्तिगत रिट्रीट लेना चाहते हों उनसे अनुरोध है कि वे अपने आगमन की तिथि से कम-से-कम 3 दिन पहले नोएडा आश्रम रिसेप्शन पर फ़ोन या ईमेल द्वारा सूचना दें। अग्रिम सूचना दिये बिना आने वाले भक्तजनों को आवास व्यवस्था उपलब्ध नहीं होगी। इस पुस्तिका में समारोहों एवं विशेष उत्सवों, मासिक लम्बे ध्यान, साधना संगम, तथा संचालित सामूहिक रिट्रीट कार्यक्रमों के विवरण दिये गये हैं। साथ-ही इसमें दिल्ली एवं गुड़गाँव केन्द्रों, तथा नोएडा आश्रम के सामूहिक ध्यान, एवं पुस्तक कक्ष के समय भी दिये गये हैं। *योगदा सत्संग सोसाइटी* की स्थापना के शताब्दी-समारोह मार्च 2018 तक चलेंगे। इससे संबंधित कार्यक्रमों के विवरणों की सूचना आपको अलग से प्रेषित की जायेगी।

हमारा आग्रह है कि नोएडा आश्रम, दिल्ली तथा गुड़गाँव केन्द्रों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की नवीनतम जानकारी के लिये आप हमारा इ-न्यूज़लेटर प्राप्त करें।

संगम तथा रिट्रीट का नीति-वाक्य होता है "ईश्वर पर छोड़ो और ईश्वर में विश्वास रखो," तथा ईश्वरीय शान्ति, प्रेम, एवं आनन्द के मोती प्राप्त करने के लिये अपने आन्तरिक स्वरूप में गहरा गोता लगाओ। जैसा गुरुजी ने कहा है : "वह सबसे बुद्धिमान है जो ईश्वर को खोजता है; और वह सबसे सफ़ल है जिसने ईश्वर को पा लिया है।"

दिव्य मैत्री में,
योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ़ इण्डिया

**हम आपको निम्न उद्देश्यों से हमारी वेबसाइट www.noida.yssashram.org का उपयोग करने के लिये प्रोत्साहित करते हैं:**

1. योगदा सत्संग शाखा आश्रम, नोएडा, से संबंधित सम्पूर्ण जानकारी के लिये।
2. संचालित रिट्रीट में नामांकन करवाने के लिये।
3. नोएडा संगमों में नामांकन करवाने के लिये।
4. आश्रम में रुकने के लिये अनुरोध करने के लिये।
5. नोएडा आश्रम का इ-न्यूज़लेटर प्राप्त करने के लिये।

**समारोहों एवं विशेष उत्सवों के दिन एवं समय, जनवरी—जून 2018**

| समारोह | दिनांक | विवरण | शाखा आश्रम, नोएडा | ध्यान केन्द्र, दिल्ली | ध्यान केन्द्र, गुड़गाँव |
|---|---|---|---|---|---|
| श्री श्री परमहंस योगानन्द आविर्भाव उत्सव | शुक्रवार, 5 जनवरी | ध्यान | प्रातः 7:00 से 8:00 | — | — |
| | | प्रभात फ़ेरी | प्रातः 8:15 से 9:00† | — | प्रातः 6:45 से 7:15 |
| | | ध्यान | — | — | प्रातः 7:15 से 8:15† |
| | | नारायण सेवा | दोपहर 12:30 से 2:30 | — | — |
| | | सत्संग एवं पुष्पांजलि | सायं 5:00 से 7:30* | सायं 5:00 से 7:00 | सायं 5:00 से 7:00 |
| | रविवार, 7 जनवरी | लम्बा ध्यान | प्रातः 10:00 से सायं 4:00 | — | — |
| | | सत्संग एवं पुष्पांजलि | — | प्रातः 10:00 से दोपहर 12:00* | प्रातः 10:00 से दोपहर 12:00§ |
| | रविवार, 13 शनिवार | नारायण सेवा | — | दोपहर 12:00 से 2:00 | — |
| | रविवार, 14 रविवार | लम्बा ध्यान | — | प्रातः 10:00 से सायं 4:00 | प्रातः 10:00 से सायं 4:00 |
| श्री श्री परमहंस योगानन्द महासमाधि दिवस | रविवार, 4 मार्च | लम्बा ध्यान | — | प्रातः 10:00 से सायं 4:00 | — |
| | बुधवार, 7 मार्च | सत्संग एवं पुष्पांजलि | सायं 5:00 से 7:30 | सायं 5:00 से 7:00 | सायं 5:00 से 7:00 |
| श्री श्री स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरि महासमाधि दिवस | शुक्रवार, 9 मार्च | सत्संग एवं पुष्पांजलि | सायं 5:00 से 7:30 | सायं 5:00 से 7:00 | सायं 5:00 से 7:00 |
| | शनिवार, 10 मार्च | लम्बा ध्यान | — | दोपहर 1:00 से सायं 7:00 | — |
| | रविवार, 11 मार्च | लम्बा ध्यान | प्रातः 10:00 से सायं 4:00 | — | — |
| | | सत्संग एवं पुष्पांजलि | — | — | प्रातः 10:00 से दोपहर 12:00§ |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| श्री श्री स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरि आविर्भाव दिवस | रविवार, 6 मई | लम्बा ध्यान | प्रातः 10:00 से सायं 4:00 | प्रातः 10:00 से सायं 4:00 | प्रातः 10:00 से सायं 4:00 |
| | गुरूवार, 10 मई | सत्संग एवं पुष्पांजलि | सायं 5:00 से 7:30* | सायं 5:00 से 7:00 | सायं 5:30 से 7:00 |
| | रविवार, 13 मई | रविवारीय सत्संग | — | — | प्रातः 10:00 से दोपहर 12:00[§] |

* कार्यक्रम के पश्चात् गुरु लंगर की व्यवस्था रहेगी।

† ध्यान के पश्चात् अल्पाहार की व्यवस्था रहेगी।

§ कार्यक्रम के पश्चात् गुरु लंगर एवं नारायण सेवा की व्यवस्था रहेगी।

| **नोएडा आश्रम में लम्बे ध्यान, रिट्रीट कार्यक्रमों, तथा संगम की सारणी, जनवरी—जून 2018** | | | |
|---|---|---|---|
| **क्र. सं.** | **माह/तिथि** | **दिन/समय** | **कार्यक्रम** |
| 1 | 7 जनवरी | रवि (प्रातः 10:00 से सायं 4:00) | लम्बा ध्यान |
| 2 | 27-28 जनवरी | शुक्र (सायं 7:00) से रवि (सायं 4:00) | रिट्रीट (हिन्दी) |
| 3 | 10-11 फ़रवरी | शुक्र (सायं 7:00) से रवि (सायं 4:00) | रिट्रीट (अंग्रेज़ी) |
| 4 | 18 फ़रवरी | रवि (प्रातः 10:00 से सायं 4:00) | लम्बा ध्यान |
| 5 | 24-25 फ़रवरी | शुक्र (सायं 7:00) से रवि (सायं 4:00) | रिट्रीट (हिन्दी) |
| 6 | 11 मार्च | रवि (प्रातः 10:00 से सायं 4:00) | लम्बा ध्यान |
| 7 | 18-22 मार्च | रवि (प्रातः 9) से गुरु (सायं 7) | योगदा शताब्दी समापन संगम (क्रिया दीक्षा, गुरुवार, 22, मार्च) |
| 8 | 15 अप्रैल | रवि (प्रातः 10:00 से सायं 4:00) | लम्बा ध्यान |
| 9 | 21-22 अप्रैल | शुक्र (सायं 7:00) से रवि (सायं 4:00) | रिट्रीट (हिन्दी) |
| 10 | 6 मई | रवि (प्रातः 10:00 से सायं 4:00) | लम्बा ध्यान |
| 11 | 12-13 मई | शुक्र (सायं 7:00) से रवि (सायं 4:00) | रिट्रीट (हिन्दी) |
| 12 | 23-27 मई | बुध (प्रातः 9) से रवि (सायं 7) | बाल शिविर |
| 13 | 6-10 जून | बुध (प्रातः 9) से रवि (सायं 7) | बालिका शिविर |
| 14 | 17 जून | रवि (प्रातः 10:00 से सायं 4:00) | लम्बा ध्यान |
| 15 | 23-24 जून | शुक्र (सायं 7:00) से रवि (सायं 4:00) | रिट्रीट (हिन्दी) |

**मासिक लम्बे ध्यान के लिये आवश्यक सूचना :**

सामूहिक ध्यान की शुरूआत प्रातः 10 बजे होगी, तथा समापन सायं 4 बजे होगा। तत्पश्चात् चाय एवं जलपान की भी व्यवस्था रहेगी।

***रिट्रीट* के लिये आवश्यक सूचना :**

1. कृपया फ़ोन द्वारा नोएडा आश्रम में सूचना देकर या नोएडा वेबसाइट (**www.noida.yssashram.org**) पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाकर या **noidaashram@yssi.org** पर ईमेल भेजकर अग्रिम बुकिंग करायें।
2. साधारणतया, भक्तजनों को ठहरने के लिये आश्रम के भीतर निजी कमरे आवंटित किये जायेंगे।
3. दो-दिवसीय रिट्रीट की शुरूआत शुक्रवार सायंकालीन सामूहिक ध्यान के साथ होगी, तथा उद्घाटन सत्संग रात्रि 8 बजे होगा। रिट्रीट का अन्त रविवार सायं 4 बजे होगा।
4. केवल वे भक्त ही आवेदन करें जो रिट्रीट की पूरी अवधि के दौरान आश्रम में रह सकें।

***संगम* के लिये आवश्यक सूचना :**

1. मार्च के संगम के लिये पंजीकरण कराने हेतु कृपया संलग्न फ़ॉर्म को भर कर शाखा आश्रम, नोएडा प्रेषित करें। आपका फ़ॉर्म हमें **20 जनवरी, 2018 तक** नोएडा आश्रम में प्राप्त हो जाना चाहिये। आप हमारी वेबसाइट (**www.noida.yssashram.org**) के द्वारा भी संगम के लिये पंजीकरण करवा सकते हैं।
2. **संगम के दौरान गुरुवार 22 मार्च, 2018 को योग्य भक्तों को क्रिया-योग दीक्षा प्रदान की जायेगी।** दीक्षा हेतु योग्य होने के लिये यह अनिवार्य है कि आपने पाठमाला के प्रारम्भिक 52 पाठों का अध्ययन कर लिया हो, साथ-ही आप गत अनेक महीनों से दिन में दो बार शक्ति-संचार व्यायामों, हं सः, एवं ॐ प्रविधियों का अभ्यास करते आ रहे हों, तथा आपने चरण I एवं II में पूछे गये प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर हमें भेज दिये हों। अधिक जानकारी के लिये कृपया नोएडा आश्रम से सम्पर्क करें।
3. संगम में सभी कक्षायें एवं व्याख्यान हिन्दी में होंगे।
4. भक्तजनों के ठहरने का प्रबन्ध आश्रम के भीतर किया जायेगा। कृपया ध्यान दें कि एक कमरे में दो या दो से अधिक व्यक्तियों के ठहरने की व्यवस्था की जा रही है।
5. भक्तजनों की विशेष आवश्यकताओं, जैसे भोजन अथवा ठहरने से सम्बन्धित, इत्यादि, के विषय में आश्रम अलग-से कोई प्रबन्ध करने में समर्थ नहीं है।
6. जो भक्तजन ड्राइवर के साथ निजी वाहन द्वारा आश्रम आने की योजना बना रहे हैं वे कृपया अपने ड्राइवर के लिये आवास एवं भोजन की व्यवस्था स्वयं करें। इस बाबत आश्रम आपकी सहायता करने में समर्थ नहीं है।

***बालिका शिविर* एवं *बाल शिविर* के लिये आवश्यक सूचना :**

1. बच्चे के माता-पिता/दादा-दादी/नाना-नानी में से किसी एक का *योगदा-भक्त* होना अनिवार्य है।
2. केवल कक्षा 6, 7, तथा 8 की बालिकाओं को ही शिविर में भाग लेने की अनुमति है। कक्षा 7, तथा 8 के **बालकों** को ही शिविर में भाग लेने की अनुमति है।

3. शिविर में पंजीकरण के लिये बच्चों के अभिभावकों द्वारा लिखित अनुमति दी जानी अनिवार्य है।

4. शिविर के लिये पंजीकरण फ़ॉर्म नोएडा आश्रम, दिल्ली केन्द्र, तथा गुड़गाँव केन्द्र में 1 मार्च 2018 के बाद उपलब्ध हो जायेंगे। किन्तु शिविर के लिये पंजीकरण की प्रक्रिया 15 मार्च 2018 से ही प्रारम्भ होगी, तथा पंजीकरण की अंतिम तिथि 15 अप्रैल 2018 रहेगी। पंजीकरण की वरीयता भक्तों द्वारा आवेदन फ़ॉर्म जमा कराये जाने की तिथि के अनुसार दी जायेगी, तथा 1 मई 2018 के बाद पंजीकरण की पुष्टि के विषय में पत्र प्रेषित किये जायेंगे। जिन भक्तों के पास ईमेल की सुविधा है उन्हें ईमेल द्वारा भी यह फ़ॉर्म प्रेषित किया जा सकता है।

| पुस्तक कक्ष की समय-सारणी | | | |
|---|---|---|---|
| **दिन** | **नोएडा** | **दिल्ली** | **गुड़गाँव** |
| प्रथम रविवार | प्रातः 11:30 से सायं 5:00 | प्रातः 11:30 से सायं 4:30 | सायं 4:00 से 5:00 |
| अन्य रविवार | प्रातः 11:30 से सायं 5:00 | प्रातः 11:30 से सायं 4:30 | प्रातः 11:30 से सायं 4:30 |
| सोमवार,मंगलवार, बुधवार, शुक्रवार | प्रातः 9:00 से सायं 5:00 | प्रातः 10:30 से सायं 4:30 | प्रातः 10:00 से सायं 4:30 |
| गुरुवार | प्रातः 9:00 से सायं 5:00 | प्रातः 10:30 से सायं 3:30 | प्रातः 10:00 से सायं 3:30 |
| शनिवार | प्रातः 9:00 से सायं 5:00 | प्रातः 10:30 से दोपहर 1:30 | प्रातः 10:00 से सायं 3:30 |

| सामूहिक ध्यान की समय-सारणी | | | |
|---|---|---|---|
| **दिन** | **नोएडा** | **दिल्ली** | **गुड़गाँव** |
| प्रथम रविवार | प्रातः 10:00 से 11:30 | प्रातः 10:00 से 11:30 | प्रातः 10:00 से सायं 4:00 |
| | सायं 5:00 से 8:00 | सायं 5:00 से 7:00 | — |
| अन्य रविवार | प्रातः 10:00 से 11:30 | प्रातः 10:00 से 11:30 | प्रातः 10:00 से 11:30 |
| | सायं 5:00 से 8:00 | सायं 5:00 से 7:00 | सायं 5:00 से 7:00 |
| सोमवार, मंगलवार, बुधवार, शुक्रवार | प्रातः 7:00 से 8:00 | — | — |
| | सायं 5:30 से 7:00 | सायं 5:00 से 7:00 | सायं 5:00 से 7:00 |
| गुरुवार | प्रातः 7:00 से 8:00 | सायं 4:00 से 7:00 | सायं 4:00 से 7:00 |
| | सायं 5:00 से 8:00 | | |
| शनिवार | प्रातः 7:00 से 8:00 | दोपहर 2:00 से सायं 7:00 | दोपहर 2:00 से सायं 7:00 |
| | सायं 5:30 से 7:00 | | |
| ध्यान मन्दिर सभी दिन खुला रहेगा | प्रातः 7:00 से सायं 7:00 | प्रातः 8:00 से सायं 8:00 | प्रातः 8:00 से सायं 8:00 |

* प्रत्येक रविवार को नोएडा, दिल्ली, तथा गुड़गाँव में सत्संग के साथ-साथ अलग से बच्चों के लिये भी सत्संग आयोजित किया जाता है। जिन भक्तों के बच्चे 5 वर्ष से 12 वर्ष की आयु के बीच हों उन्हें प्रोत्साहित किया जाता है कि वे अपने बच्चों को इस कार्यक्रम में भाग दिलायें।

## राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में ध्यान केन्द्रों एवं मण्डलियों के पते

**योगदा सत्संग ध्यान केन्द्र—दिल्ली**
11-12, भाई वीर सिंह मार्ग, नई दिल्ली 110 001
फ़ोन: (011) 23346271, 23362948
ईमेल: ysdk.delhi@gmail.com
वेबसाइट: http://delhi.ysskendra.org

**योगदा सत्संग ध्यान मण्डली—फ़रीदाबाद**
सी-3, सैन्ट्रल ग्रीन, राष्ट्रीय राजमार्ग-3, एन आई टी
फ़रीदाबाद 121 001, हरियाणा
फ़ोन: 9868306129, 9717983650
ईमेल: ysdm.faridabad@gmail.com

**योगदा सत्संग ध्यान मण्डली—ग़ाज़ियाबाद**
C/o श्री ए. के. खन्ना, के एम-182, कवि नगर
ग़ाज़ियाबाद 201 002, उत्तर प्रदेश
फ़ोन: 9810087263, 7503212766
ईमेल: ghaziabad.ysdm@gmail.com

**योगदा सत्संग ध्यान केन्द्र—गुड़गाँव**
मकान नम्बर 20 के सामने, डी पी एस (इन्फ़ैन्ट विंग) के पास
सैक्टर-40, हुडा, गुड़गाँव 122 003, हरियाणा
फ़ोन: (0124) 4271644, 2580326, 9871078270
ईमेल: ysdk.gurgaon@gmail.com

**योगदा सत्संग ध्यान मण्डली—साहिबाबाद**
C/o डॉ. एन. सी. कौशिक, 11/214, सैक्टर-3
राजेन्द्र नगर, साहिबाबाद 201 005, उत्तर प्रदेश
फ़ोन: 9873180418, 9868862575, 0120-2631075
ईमेल: ysdm.sahibabad@gmail.com

## अन्य आश्रमों के पते

***पंजीकृत ऑफ़िस***

**योगदा सत्संग मठ—दक्षिणेश्वर**
21, यू एन मुखर्जी रोड
दक्षिणेश्वर, कोलकाता 700 076
फ़ोन: (033) 2564 5931, 2564 6208
ईमेल: yssdak@yssi.org

**योगदा सत्संग शाखा मठ—राँची**
परमहंस योगानन्द पथ
राँची 834 001, झारखण्ड
फ़ोन: (0651) 2460 071, 2460 074, 2461 578
ईमेल: yssinformation@yssi.org

**योगदा सत्संग शाखा आश्रम—द्वाराहाट**
द्वाराहाट 263 563, जिला: अलमोड़ा, उत्तराखण्ड
फ़ोन: (05966) 244271, 244671
ईमेल: yssdwarahat@gmail.com

योगदा सत्संग सोसाइटी *तथा* सेल्फ़-रियलाइज़ेशन फ़ेलोशिप *के बारे में अधिक जानकारी हमारी वेबसाइट www.yssofindia.org तथा* सेल्फ़-रियलाइज़ेशन फ़ेलोशिप *की वेबसाइट www.yogananda-srf.org से प्राप्त की जा सकती है।*

## राजधानी क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से *योगदा सत्संग शाखा आश्रम, नोएडा* पहुँचने के माध्यम

### *हवाई अड्डों से*

अन्तर्राज्यीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों के बीच की दूरी 6 से 7 किलोमीटर है। हमारा आश्रम लगभग 40 किलोमीटर दूर है।

हवाई अड्डा परिसर से ली गई *प्री-पेड टैक्सी* दोनो हवाई अड्डों से आश्रम तक पहुँचने का एक सीधा साधन है।

*अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे* से *एयरपोर्ट ऐक्स्प्रैस मैट्रो* भी ले सकते हैं। मेट्रो से *द्वारका सैक्टर 21* तक आयें। यहाँ उतर कर मेट्रो से *नोएडा सिटी सेन्टर (सैक्टर 32)* तक आयें। आप यहाँ से ऑटोरिक्शा लेकर आश्रम पहुँच सकते हैं (दूरी लगभग 7 किलोमीटर है)।

### *रेलवे स्टेशनों से*

*पुरानी दिल्ली, तथा नई दिल्ली रेलवे स्टेशनों* से आप मेट्रो द्वारा *नोएडा सिटी सेन्टर* पहुँच सकते हैं। आपको *राजीव चौक मेट्रो स्टेशन* पर गाड़ी बदलनी होगी, और *नोएडा सिटी सेन्टर* पहुँचकर आप ऊपर बताये अनुसार ऑटोरिक्शा अथवा टैक्सी लेकर आश्रम पहुँच सकते हैं। रेलवे स्टेशनों से आप टैक्सी या ऑटोरिक्शा लेकर सीधे भी आश्रम पहुँच सकते हैं।

निज़ामुद्दीन तथा ग़ाज़ियाबाद रेलवे स्टेशनों से आपको ऑटोरिक्शा या टैक्सी से आश्रम आना होगा क्योंकि यहाँ अभी मेट्रो सेवा उपलब्ध नहीं है।

### *दिल्ली के अन्तर्राज्यीय बस अड्डों से*

*अन्तर्राज्यीय बस अड्डा, कशमीरी गेट* से मेट्रो द्वारा *नोएडा सिटी सेन्टर* तक आयें। आपको *राजीव चौक मेट्रो स्टेशन* पर गाड़ी बदलनी होगी, और *नोएडा सिटी सेन्टर* पहुँचकर आप ऑटोरिक्शा अथवा टैक्सी लेकर आश्रम पहुँच सकते हैं। बस अड्डे से टैक्सी या ऑटोरिक्शा लेकर आप सीधे भी आश्रम पहुँच सकते हैं।


*अन्तर्राज्यीय बस अड्डा, आनन्द विहार* से आपको ऑटोरिक्शा या टैक्सी से आश्रम आना होगा क्योंकि यहाँ अभी मेट्रो सेवा उपलब्ध नहीं है।

### *निजी वाहन अथवा टैक्सी से*

साथ के पृष्ठ पर दिये गये दिशा-निर्देशक मानचित्र का अनुसरण करें। दिल्ली से आने वाले भक्तजन *निज़ामुद्दीन पुल* द्वारा यमुना नदी पार करें; *राष्ट्रीय राजमार्ग 24* पर सीधे जायें; *उत्तर प्रदेश बॉर्डर* पार करें, *दूसरे ट्रैफ़िक सिगनल* से दायें मुड़ें, और फिर *तीसरे मोड़* से *बायें* मुड़ें, इसके बाद *पहले दायें मोड़* पर ही आश्रम परिसर नज़र आ जायेगा।

# ROUTE MAP for YOGODA SATSANGA SAKHA ASHRAM, NOIDA

Paramahansa Yogananda Marg, B-4, Sector–62,
Noida 201307, Uttar Pradesh




**Route A** - from Delhi Ring Road
Cross Nizamuddin Bridge over Yamuna, cross Delhi-UP Border, turn right at 2nd traffic light, turn left at 3rd turning, first right corner building as at A*.

**Route B** - from Ghaziabad
left at Shipra Mall crossing, right at third turning, left as marked at B*.

**Route C** - from Noida Metro station, City Centre Sector - 32
North-East on Capt. Shashikant Marg, left as indicated, left at Fortis hospital, right as at C*.

# नोएडा आश्रम संगम : 18 मार्च से 22 मार्च, 2018

योगदा सत्संग शाखा आश्रम, परमहंस योगानन्द मार्ग, बी-4, सैक्टर-62, नोएडा, उत्तर प्रदेश 201307

ई-मेल : noidaashram@yssi.org • फ़ोन : 0120-2400670, 2401669-76 (8 लाइन)

**कृपया फ़ॉर्म में दिये गये सभी स्थान स्पष्ट अक्षरों में भरें, तथा कोई भी स्थान रिक्त न छोड़ें। फ़ॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि *20 जनवरी, 2018* है। चार से अधिक आवेदकों के लिए कृपया फ़ॉर्म की फ़ोटोकॉपी करें।**

## पंजीकरण फ़ॉर्म

| क्रं. सं. | नाम (स्पष्ट अक्षरों में) | पाठमाला पंजीकरण सं. | लिंग (स्त्री/ पुरुष) | आयु | क्रियावान (हाँ/नहीं) | आवास चाहिये (हाँ/नहीं) | वॉलंटीयर करना चाहते (हाँ/नहीं) | पिछला कोई वॉलंटीयर अनुभव (यदि हो तो) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | | | | | |
| 2. | | | | | | | | |
| 3. | | | | | | | | |
| 4. | | | | | | | | |

पता : ______________________

मोबाइल : | | | | | | | | | | |  फ़ोन : ______________

ईमेल : ______________________

*भुगतान सम्बन्धी विवरण अगले पृष्ठ पर देखें*

***For Office Use Only***

Date of receipt of Form: ______________
*(To be filled by Volunteer accepting form at Noida/Delhi/Gurgaon)*

TR No:: ______________
*(To be filled by Volunteer accepting form at Noida/Delhi/Gurgaon)*

Manual Reg. No.: ______________
*(To be filled at Noida Ashram)*

Computer Reg. No. : ______________
*(To be filled at Noida Ashram)*

## भुगतान सम्बन्धी विवरण

**पंजीकरण शुल्क : ₹600/- प्रति व्यक्ति, अप्रत्यर्पणीय (Non-Refundable)**

**कुल राशि ₹** (अंकों में) : ____________ (शब्दों में) ______________________

भुगतान का माध्यम :

❑ नक़द

❑ ड्राफ़्ट/चैक सं. : ______________ दिनांक (dd/mm/yyyy): ____________ बैंक का नाम ____________

______________________ **योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ़ इण्डिया** के नाम से देय होना चाहिये।

❑ क्रेडिट/डेबिट कार्ड द्वारा भुगतान : कार्ड सं.: ____________ (केवल अन्तिम चार अंक)

आश्रम पहुँचने की तिथि ____________ समय ______ (कृपया शनिवार, 17 मार्च, 2018 से पहले आश्रम पहुँचने की योजना न बनायें।)

आश्रम से प्रस्थान की तिथि ____________ समय ______ (कृपया शुक्रवार, 23 मार्च 2018, के बाद आश्रम में रुके रहने की योजना न बनायें।)

**यदि संगम कार्यक्रम के लिये आपका पंजीकरण हो जाता है और आप किसी कारणवश कार्यक्रम में भाग नहीं ले पाते हैं तो भी पंजीकरण शुल्क अप्रत्यर्पणीय एवं अहस्तांतरणीय रहेगा। यदि किसी कारण से संगम के लिये आपका पंजीकरण नहीं हो पाता है तो कृपया हमें सूचित करें कि आपके द्वारा दिया गया पंजीकरण शुल्क किस प्रकार उपयोग किया जाये। (कृपया नीचे दिये गये चुनावों में से एक पर [ ✔ ] करें।)**

❑ योगदा पत्रिका (अंग्रेज़ी/हिन्दी/बांगला) की मेरी सदस्यता के शुल्क के रूप में उपयोग करें। बकाया राशि को अनुदान के रूप में स्वीकार करें।

❑ चैक/डिमाण्ड ड्राफ़्ट द्वारा मुझे राशि वापस भेज दें।

❑ मुझे पुस्तकें/अन्य सामग्री प्रेषित करें जिसकी सूची अलग से दी गयी है। बकाया राशि को अनुदान के रूप में स्वीकार करें।

**कृपया ध्यान दें :**

1. एक कमरे में दो या दो से अधिक व्यक्तियों के ठहरने की व्यवस्था की जा रही है। आवास का आवंटन पृष्ठ 6 पर दिये गये नियमों के अनुसार "पहले आओ, पहले पाओ" के आधार पर किया जायेगा।
2. भक्तजनों की विशेष आवश्यकताओं, जैसे भोजन अथवा ठहरने से सम्बन्धित, इत्यादि, के विषय में आश्रम अलग-से कोई प्रबन्ध करने में समर्थ नहीं है।

हस्ताक्षर ____________

दिनांक ____________